# शहरी समाचार
नई सोच नई पहल

नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार का प्रकाशन





जनवरी, 2021 | मासिक | नगरीय बुलेटिन | पृष्ठ : 8 | मूल्य : निःशुल्क


प्रधान मंत्री आवास योजना–शहरी
Pradhan Mantri Awas Yojna-Urban

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

DAY-NULM
Deendayal Antyodaya Yojana-National Urban Livelihoods Mission

आत्मनिर्भर भारत

## नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार



**11399**
स्वयं सहायता समूहों (SHGs) का गठन

**65422**
PMAY(U) आवासों का निर्माण पूर्ण

**12202**
पीएम स्वनिधि ऋण वितरित

**14261**
मुख्यमंत्री श्रमिक योजना (MSY) जॉब कार्ड वितरित

- राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राज्यस्तरीय समारोह का आयोजन
- ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से महिला समूहों को मिल रहा रिवोलविंग फण्ड
- फुटपाथ दुकानदारों को ऋण प्रदान करने हेतु 'मेगा ऋण मेला' का हुआ आयोजन
- पीएम स्वनिधि ते बदली जना जिनिद (मुंडारी भाषा में आलेख)



# राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय समारोह का हुआ आयोजन



राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मोराबादी मैदान में आयोजित समारोह का उद्घाटन करते माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन, झारखंड एवं अन्य माननीय गण.

मोराबादी मैदान में आयोजित वर्षगांठ समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन ने कहा की 'झारखंडी होना ही मेरी पहचान है एवं मुझे इस पर गर्व है' .आगे सम्बोधन में उनके द्वारा कहा गया कि, मार्च मे पहली ट्राइबल युनिवर्सिटी का निर्माण किया जाएगा . नौजवानों को नौकरी देने के लिए सरकार ने कार्ययोजना तैयार कर ली है और झारखंड लोकसेवा आयोग (जेपीएससी) को जनवरी में परीक्षाओं को लेकर कैलेंडर जारी करने के निर्देश दे दिए गए हैं. इसके साथ ही नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हो जाएगी. इसके अतिरिक्त झारखंड, अगले पांच वर्षों में न सिर्फ अपने पैरों पर खड़ा हो जायेगा बल्कि स्वयं अपनी जरूरतों को पूरा करने के साथ दूसरों की भी मदद करने में सक्षम होगा.



मुख्यमंत्री ने सरकार के एक साल पूर्ण होने के अवसर पर, राज्य के लिए कुर्बानी देने वाले धरती पुत्रों और महापुरुषों को नमन करते हुए राज्यवासियों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि राज्य के आंतरिक संसाधन में खनिज संपदा के साथ ही साथ पर्यटन, खेल, शिक्षा, कला-संस्कृति समेत कई अन्य क्षेत्रों में भरपूर क्षमताएं विद्यमान है. इन सभी क्षमताओं का बेहतर इस्तेमाल कर झारखंड का सर्वांगीण विकास संभव है.

## राँची में प्रमुख योजनाओं का शिलान्यास

| | |
|---|---|
| 3.38 करोड़ | धुर्वा में नेहरू पार्क का नवीकरण एवं सौंदर्यीकरण योजना |
| 752.38 करोड़ | शहरी जलापूर्ति योजना फेज-2 |
| 34.94 करोड़ | बरहे, बिजुपाड़ा में फार्मा पार्क |
| 107.99 करोड़ | इरबा सिकिदिरि में ग्रिड सब स्टेशन |

**सीएसआर पॉलिसी:** सरकार द्वारा बताई गयी योजनाओं पर सीएसआर पॉलिसी के तहत कंपनियों को राशि खर्च करनी होगी.

**झारखंड राज्य फसल राहत योजना :** प्राकृतिक आपदा में फसल के नुकसान होने पर किसानों को आर्थिक सहायता दी जाएगी. चालू वित्तीय वर्ष में 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है.

**झारसेवा अभियान:** सेवा देने की गारंटी अधिनियम के तहत अधिसूचित 331 सेवाओं को ससमय उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है.

**181 महिला हेल्पलाइन नंबर:** महिला यदि किसी हिंसा से पीड़ित अथवा अन्य किसी इमरजेंसी स्थिति में मदद मांग सकती है.

**मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना:** योजना के तहत युवाओं को आसान शर्तों पर ऋण दिया जाएगा.

**राज्य खाद्य सुरक्षा योजना:** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना से छूटे 15 लाख लोगों को हर माह पाँच किलो चावल एक रुपये किलो की दर से मिलेगा.







माननीय मुख्यमंत्री, श्री हेमंत सोरेन जी द्वारा सांकेतिक रूप से आवासों का आवंटन.

# प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी अंतर्गत विभिन्न नगर निकायों में गृह प्रवेश पूजनोत्सव समारोह का आयोजन

राज्य सरकार की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर विभिन्न नगर निकायों में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के चतुर्थ घटक अंतर्गत गृह प्रवेश का आयोजन किया गया. विभिन्न नगर निकायों में 8877 नव निर्मित आवासों का गृह प्रवेश किया गया व राँची मे कुल 1369 नवनिर्मित आवासों का गृह प्रवेश कराया गया.

गृह प्रवेश कार्यक्रम में सबंधित निकायों के सांसद, विधायक, महापौर, उप-महापौर, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित अन्य गणमान्य जनों की गरिमामयी उपस्थिती रही. साथ ही जिला प्रशासन द्वारा भी जिला स्तर पर कई कार्यक्रम आयोजित किया गया.




झुमरीतिलैया नगर परिषद में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी अंतर्गत सांकेतिक रूप से आवासों का आवंटन.

| क्र. स. | निकाय | 29-12-2020 को आयोजित गृह प्रवेश कार्यक्रम |
|---|---|---|
| 1. | बिश्रामपुर | 445 |
| 2. | बुंडू | 105 |
| 3. | चक्रधरपुर | 160 |
| 4. | चाकुलिया | 105 |
| 5. | चास | 468 |
| 6. | चतरा | 110 |
| 7. | देवघर | 1679 |
| 8. | धनबाद | 483 |
| 9. | दुमका | 168 |
| 10. | गढ़वा | 130 |
| 11. | गिरिडीह | 345 |
| 12. | गोड्डा | 273 |
| 13. | गुमला | 350 |
| 14. | हजारीबाग | 114 |
| 15. | हुसैनाबाद | 156 |
| 16. | झुमरीतिलैया | 200 |
| 17. | खूंटी | 320 |
| 18. | लातेहार | 135 |
| 19. | लोहरदगा | 111 |
| 20. | मधुपुर | 101 |
| 21. | मझियांव | 328 |
| 22. | मेदिनीनगर | 150 |
| 23. | रामगढ़ | 117 |
| 24. | रांची | 1369 |
| 25. | साहिबगंज | 182 |



रांची नगर निगम अंतर्गत लाभुक द्वारा गृह प्रवेश करते हुए.



रामगढ़ नगर परिषद में गृह प्रवेश का आयोजन.

## प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना एवं दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत

# फुटपाथ दुकानदारों को ऋण प्रदान करने हेतु 'मेगा ऋण मेला' का हुआ आयोजन



रांची में आयोजित लोन मेला में सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, श्री विनय कुमार चौबे, निदेशक, विजया जाधव, सहायक निदेशक श्री शैलेश कुमार प्रियदर्शी एवं अन्य.

दिनांक 5 दिसम्बर 2020 को राँची, धनबाद व जमशेदपुर में पथ विक्रेताओं, शहरी गरीब, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं तथा बेरोजगार युवक-युवतियों हेतु मेगा ऋण मेला का आयोजन किया गया . इस अवसर पर राज्य के सभी प्रमुख बैंकों द्वारा ऋण प्रदान करने हेतु शिविर लगाया गया.

जमशेदपुर में माननीय स्वास्थ्य मंत्री श्री बन्ना गुप्ता द्वारा लाभुकों को ऋण वितरण किया गया. साथ ही माननीय विधायक पूर्वी जमशेदपुर, श्री सरयू राय , सांसद श्री विद्धुत वरण महतो, जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र के विशेष पदाधिकारी श्री कृष्ण कुमार जी मौके पर उपस्थित रहे . राँची में सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, श्री विनय कुमार चौबे, विजया जाधव , निदेशक , नगर विकास एवं आवास विभाग, द्वारा मेगा ऋण मेला शिविर का उदघाटन किया गया.

जमशेदपुर में 2590 विक्रेताओ को पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत ऋण का आवेदन कराया गया है , जिसमे 1205 फुटपाथ विक्रेताओ का ऋण स्वीकृत हो चुका है एवं 1016 पथ विक्रेताओं को ऋण प्रदान किया जा चुका है.

राँची में आयोजित ऋण मेला में 164 फुटपाथ विक्रेताओं को ऋण प्रदान किया गया एवं 302 लोगों का ऋण स्वीकृत किया गया, तथा 472 नए आवेदनों का ऑनलाइन एंट्री किया गया.

धनबाद ऋण मेले में लगभग 500 लोगों द्वारा ऋण हेतु आवेदन किया गया व 78 लाभुकों की ऑन द स्पॉट ऑनलाइन एंट्री की गयी. जिन लोगों ने पूर्व में ऋण हेतु आवेदन दिया था, उनमे से 269 लोगों का ऋण स्वीकृत किया गया एवं 204 लोगों को 10,000/- रुपये का ऋण उपलब्ध कराया गया. लाभुक अपनी रूचि अनुसार, ऋण लेने हेतु मेले में आए एवं काफी लाभुकों को ऑन स्पॉट ऋण का वितरण भी किया गया.

## पीएम स्वनिधि की विशेषताएं

- पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत विभिन्न बैंकों के माध्यम से ₹ 10,000/- वर्किंग कैपिटल के तौर पर लाभुकों को प्रदान किया जा रहा है.
- कुल 12,202 लाभुकों को ऋण वितरण किया जा चुका है
- योजना के तहत लाभुकों को रियायती दरों पर ऋण मिलेगा व समय से ऋण का भुगतान करने पर, ब्याज में खास छूट भी दी जाएगी



### रांची नगर निगम



**302** लाभुकों का ऋण स्वीकृत किया गया एवं 164 लाभुकों को ऋण प्रदान किया गया.

### जमशेदपुर अक्षेस



**1205** लाभुकों का ऋण स्वीकृत किया गया एवं 1016 लाभुकों को लोन प्रदान किया गया .

### धनबाद नगर निगम



**269** लाभुकों का ऋण स्वीकृत किया गया एवं 204 लाभुकों को ऋण प्रदान किया गया.

# नव चयनित अभ्यर्थियों को प्राप्त हुआ नियुक्ति पत्र

नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन अंतर्गत परियोजना के क्रियान्वयन हेतु 54 अभ्यर्थियों का चयन हुआ. विगत 29 दिसंबर को राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में माननीय मुख्यमंत्री, श्री हेमंत सोरेन द्वारा चयनित राज्य मिशन प्रबंधक, नगर मिशन प्रबंधक, सामुदायिक संघटनकर्ता को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया. विदित हो कि उपरोक्त नियुक्ति 2 साल के लिए अनुबंध की गयी है, जिस हेतु उन्हें 6 माह की प्रारंभिक परिवीक्षा की अवधि को पूरा करना होगा.



**कुल पद पर नियोजित अभ्यर्थी**

| | |
|---|---|
| 01 | राज्य मिशन प्रबंधक |
| 19 | नगर मिशन प्रबंधक |
| 34 | सामुदायिक संघटनकर्ता |

माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन एवं झामुमो सुप्रीमो माननीय श्री शिबू सोरेन द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया.

# स्वयं सहायता समूह एवं शहरी गरीबों को मिलेगा रोजगार/स्वरोजगार

नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार द्वारा दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन योजना अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूह के सदस्यों एवं शहरी गरीबों को कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार/ स्वरोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राष्ट्र कौशल विकास निगम अंतर्गत सेक्टर स्किल काउंसिल के साथ एकरारनामा संपादित हुआ.

आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त निर्देश के आलोक में देवघर, धनबाद, दुमका एवं कोडरमा नगर निकायों के प्लंबिंग सेक्टर में शहरी गरीबों को आर.टी.डी मॉडल पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है. इसी कड़ी में वित्तीय वर्ष 2020-21 में आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्राप्त प्रशिक्षण लक्ष्य 8640 के आलोक में नगरीय प्रशासन निदेशालय, द्वारा अन्य सेक्टर स्किल काउंसिल के साथ भी एकरारनामा किया जा रहा है. कुल 6 सेक्टर जैसे इलेक्ट्रॉनिक्स, प्रबंधन, इंस्ट्रूमेंटेशन, पेंट और कोटिंग्स, लोहा, इस्पात और परिधान में होगा इनका प्रशिक्षण.



सेक्टर स्किल काउन्सिल के प्रतिनिधि के साथ एकरारनामा संपादित.

स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के सशक्तिकरण एवं उनके आजीविका संवर्धन हेतु कुल प्रशिक्षण लक्ष्य का 40% लक्ष्य सिर्फ एस.एच.जी महिलाओं हेतु निर्धारित किया गया है .

रांची, देवघर एवं मेदिनीनगर नगर निकाय में एक-एक आवासीय प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किया जाएगा . कोई भी शहरी गरीब एवं स्वयं सहायता समूह के सदस्य पूर्णतः निः शुल्क प्रशिक्षण हेतु नगर निकाय से संपर्क कर सकते हैं.

इस कार्यक्रम में निदेशक, विजया जाधव, श्री शैलेश प्रियदर्शी, सहायक निदेशक, डीएमए संबंधित सेक्टर स्किल कौंसिल के सीईओ उपाध्यक्ष उपस्थित है एवं संबंधित नगर निकायों के नगर आयुक्त, उप नगर आयुक्त, विशेष पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी एवं नगर मिशन प्रबंधक ने इस कार्यक्रम में ऑनलाइन माध्यम से भाग लिया.

**सरकार गरीबों को बनाएगी हुनरमंद**

**8640**

महिलाओं के प्रशिक्षण हेतु आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार ने वित्तीय वर्ष 2020-21 में तय किया लक्ष्य

- कुल 6 सेक्टर के साथ स्किल काउंसिल का एकरारनामा संपादित
- राँची, देवघर एवं मेदिनीनगर निकायों में खुलेंगे कौशल प्रशिक्षण केंद्र



## मुंडारी आलेख

# पीएम स्वनिधि ते बदली जना जिनिद

संकलनकर्ता - श्रीमती किरण ग्लोरिया केरकेट्टा, नगर मिशन प्रबंधक, खूंटी नगर पंचायत

योजना लाभ ते सिदा रअः सोमयः- श्रीमति पूनम देवी मिद हिस्सी सिरमा (20 वर्ष) सिदा ते किरिङ-अकरिङ कोए एटे लअः सिदा उतर रे इनिई - एया मोड़े हिस्सी (700 रुपए) तेए किरिङ एटे लअः एनाते बरिया अपिया लेका एमा एमा अड़अ! को मोड़े मोड़े (5-5 किलो) किलों किरिङ केयाते अकरिङ रूढ़ा जद तइ केना अर अयाअः बरिया होन किञ तई केना इन किनाअ! मंडी उतु रेआः ओड़ो ओल पड़ाव रेअः खर्चा कोअड़ाअः सकम अकरिङ केयाते गेए चलाव जद तइ केना इनिई मियद नारी शक्ति महिला मंडल गोट रेन सदस्य तई केनाए ओडोओ टॉउन वेंडिंग कमिटि रेन सदस्यओं तनिई केना कोविड-19 गोटा दिसुम रेअः मरांङ इसु पुरअः दुकु लेन सोय रे अबुअः सरकार घोषित लआःए एन लॉक डाउन सोमए ते पूनम देवी यअः किरिङ अकरिंङ रेयाअः कमी उदम को होका उत्तर जनः एन दिपीली रे इनिअः ओड़अः रे इसु गे रेंगेए तेतांङ को टोओ जना.

**पीएम स्वनिधि योजना रअः फैयदा नम जन तयोमते रअः सोमयः** श्रीमति पूनम देवी लॉक डाउन सोमय रे अयाअः ओड़ाअः रेयाअः खर्चा चलाव नातिन महिला मंडल ते कड़ी ते टकाए औ केदा एन सोमय रे नगर पंचायत खूँटी रअः दीनदयाल अन्तयोदय योजना- राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिषन रेन सामुदायिक संषाधन सेविका ते खबर नम जना ची दस हजार (10,000/-) रअः लोन को ओम जदा एनाते अञ सोबेराअः पूरा दरखष दिनांक 01.09.2020 रे ओम केदा. दरखष सं0 PMSO920145785 ते दिनांक 09.09.2020 रे पंजाब नेषनल बैंक रअः खाता रे अग्न दस हजार टकाईञ नम केदा एन लोन रेअः टका नम जन तयोम ते अञ किरिङ अकरिङ रेअः कमी उदम कोञ एटेए केदाञ एनाते नअः दो अञ मोद हिस्सी (20) रोकोम रेअः उतु अड़ाअः कोञ किरिङ अकरिङ तनाञ एनाते नअः दो जनाव हुलांङ 700 अका रेआः फैयदा होबाओ तना. नअः दो अञ एना कमी तेगे बराबरी बर (02) किस्त रे लोन रेआः कड़ी कोञ पेरे इदी जदा. निमीर गपा अञ जनाव हुलांङ मोडें (05) तुरी (छः) होड़ो को लोओ डिजीटल ट्रांजेक्षन ते कमी को होबाओं तना.

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ते फूटकर अकरिङ को मेनते एटेए याकन नेया कमी बेसे गे रबला ची ने हूपड़ींञ- हूपड़ींञ अबु लेकन फूटकर अकरिङ को मेनते बेसे मरांङ बरदान साबित जना.



वर्तमान में पूनम देवी सब्जियां बिक्री करते हुए.

**श्रीमती पूनम देवी, पेशे से सब्जी विक्रेता एवं नगर पंचायत खूंटी की निवासी है. कोरोनाकाल में इनका व्यापार पूरी तरह से बंद हो गया था. भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि योजना (पीएम स्वनिधि) के अंतर्गत इन्हे ₹10,000 का कार्यशील ऋण प्रदान किया गया. जिसके उपरांत वो अपने व्यापार को पुनः खड़ा कर, परिवार का भरण पोषण कर रही है.**

# बनहौरा किफ़ायती आवास परियोजना के तहत 130 फ्लैटों का आवंटन

रांची के बनहौरा में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) वर्टिकल (3) के तहत बने 130 फ्लैटों का आवंटन 9 दिसंबर को लॉटरी के माध्यम से लाभुकों को किया गया. इस मौके पर दो दिव्यांग पंकज कुमार ठाकुर और अंजलि गिरि को ग्राउंड फ्लोर के फ्लैट दिए गए. समारोह की अध्यक्षता महापौर आशा लकड़ा ने किया. मौके पर उप महापौर संजीव विजयवर्गीय, उप नगर आयुक्त, कार्यालय अधीक्षक, नगर प्रबन्धक और सीएलटीसी (पीईएस) उपस्थित थे. बनहौरा में बनाए जा रहे 180 फ्लैटों का निर्माण 10.22 करोड़ की लागत से किया जा रहा है.




बनहौरा में आयोजित समारोह के दौरान उपस्थित महापौर, उप नगर आयुक्त एवं कार्यालय अधीक्षक व अन्य.

## विशेषताएं

**रुपये 5.68 लाख**
एक फ्लैट की निर्माण की लागत

**रुपये 1.5 लाख**
केंद्र सरकार का अंशदान

**रुपये 1 लाख**
राज्य सरकार का अंशदान

# वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आश्रय गृह के संचालन की समीक्षा

नगरीय प्रशासन निदेशालय की निदेशक विजया जाधव द्वारा दिनांक 3 दिसंबर को राज्य के सभी आश्रय-गृह संचालानकर्ताओं के प्रतिनिधियों से वीडियो कांफ्रेंसिंग द्वारा राज्यस्तरीय समीक्षा की गयी. इस दौरान आश्रय गृह में उपलब्ध सुविधाएं, विशेषकर ठंड को ध्यान मे रख कर केंद्र के निर्देशों के पालन करने पर ज़ोर दिया गया. आश्रय गृहों के संचालनकर्ताओं ने आश्वस्त किया कि निकाय क्षेत्र में कोई भी आवासहीन, ठंड से प्रभावित नहीं होगा. साथ ही आश्रय गृहों के संचालन में आ रही कठिनाइयों पर भी विस्तृत चर्चा की गई.

निदेशक महोदया द्वारा निर्देशित किया गया कि, वैसे आश्रयगृह संचालनकर्ता जो वर्तमान में सेवा नहीं दे रहे हैं, या कार्य छोड़ चुके हैं, ऐसी स्थिति में निकाय अपने स्तर से आश्रय-गृह का संचालन करना सुनिश्चित करें. समीक्षा के क्रम में निदेशक महोदया द्वारा आश्रय-गृह संचालनकर्ताओं को आश्रय गृहों की बुनियादी सुविधाओं में आवश्यक सुधार करने हेतु सख्त निर्देश दिया गया. यह भी जानकारी दी गई कि, आश्रय-गृह के निगरानी हेतु सॉफ्टवेयर विकसित करने का कार्य किया जा रहा है, जिससे आश्रय गृहों की रियल टाइम मॉनिटरिंग का कार्य सरलतापूर्वक किया जा सकेगा.



वीडियो कॉन्फ्रंसिंग में उपस्थित निदेशक महोदया एवं आश्रय गृह संचालन कर्ता.

संरक्षक
**श्री हेमंत सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री

संपादक
**विनय कुमार चौबे**
सचिव
नगर विकास एवं आवास विभाग

कार्यकारी संपादक
**विजया जाधव**
निदेशक
नगरीय प्रशासन निदेशालय,
नगर विकास एवं आवास विभाग

यह बुलेटिन विभाग के कार्यों के प्रति जन जागरूकता के उद्देश्य से प्रकाशित है.

# ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से महिला समूहों को मिल रहा रिवाल्विंग फण्ड

दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डी.ए.वाय-एन.यू.एल.एम) घटक अंतर्गत शहरों में स्वयं सहायता समूहों का गठन कर बैंकों में खाते खुलवाने तथा बचत एवं ऋण की आदत विकसित करने के उद्देश्य से प्रति स्वयं सहायता समूहों को रिवाल्विंग फण्ड रुपये 10,000/- कारपस के रूप में एक बार दिये जाने का प्रावधान है. योजना अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों के गठन के 3 माह उपरांत, समूह के पंचसूत्र क्रियाशीलता के आधार पर रिवाल्विंग फण्ड विमुक्त किया जाता है.

विगत 2014 से स्वयं सहायता समूहों को रिवाल्विंग फण्ड रुपये 10,000/- निकाय द्वारा विमुक्त किया जाता था. आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डी.ए.वाय-एन.यू.एल.एम) के अंतर्गत गठित स्वंय सहायता समूहो में से योग्य समूह को रुपये 10,000/- का रिवाल्विंग फ़ंड, पैसा पोर्टल के माध्यम से निर्गत करने का आदेश प्राप्त है. उक्त के अनुपालन में दिसंबर 2020 से पैसा पोर्टल पर अंकित समूहों को निकाय द्वारा सत्यापित एवं स्वीकृत कुल 77 आहर्ताधारी समूहों को रिवाल्विंग फ़ंड 'प्रत्यक्ष लाभ अंतरण' के माध्यम से पैसा पोर्टल पर विमुक्त किया गया.



महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पाद.

# चास नगर निगम में 'ऑनलाइन आवेदन हेल्प डेस्क ऐप्प' का उद्घाटन




उपायुक्त, बोकारो, श्री राजेश सिंह ने विगत 15 दिसंबर को चास नगर निगम के कार्यालय परिसर में शिकायतों के त्वरित निष्पादन हेतु ऑनलाइन 'आवेदन हेल्प डेस्क ऐप्प' का उद्घाटन किया. उक्त ऐप के माध्यम से चास नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत लोग, स्वच्छता, कर संग्रह, जल आपूर्ति, एलईडी लाइट, इत्यादि के संबंध में प्राप्त शिकायतों का निष्पादन 24 घंटे के अंदर किया जायेगा. उद्घाटन समारोह में उपायुक्त महोदय द्वारा जानकारी दी गई कि, हेल्प डेस्क काफी सरल एवं यूजर फ्रेंडली ऐप्प है, इसका उपयोग कोई भी आमजन सरलतापूर्वक कर सकता है. साथ ही उन्होंने बताया कि उक्त ऐप्प, आधुनिक भारत में विकास एवं तकनीक के साथ समन्वय एवं सामंजस्य का जीवंत उदाहरण है. हेल्प डेस्क ऐप्प के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन के निष्पादन में बेहतर कार्य करने वाले कर्मियों एवं पदाधिकारियों सहित शिकायत कर्ताओं को भी पुरस्कृत किया जाएगा. उप विकास आयुक्त श्री जय किशोर प्रसाद ने जानकारी दी कि आने वाले दिनों में उक्त ऐप्प का उपयोग, सभी प्रखंडों एवं जिला स्तरीय कार्यालयों में भी किया जायेगा.

# दैनिक अखबारों में प्रकाशित खबरों की संक्षिप्त झलकियाँ...!

## पहले दिन पीएम आवास के लिए 200 से ज्यादा लोगों ने ली सर्वे आइडी



**जमशेदपुर.** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के बिरसा परियोजना के लिए पहले दिन शुक्रवार को 200 से ज्यादा ने सर्वे आइडी प्राप्त किया. साथ ही अपने नाम से संबंधित में 5,000 रुपये जमा करने से संबंधित जानकारी ली. ला

## पीएम आवासों में किया जा रहा जिओ टैग

जमशेदपुर : प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मानगो नगर निगम द्वारा स्वीकृत किए गए लंबित आवासों का निर्माण पूर्ण होने पर आज जियो टैग कराया गया. गौरतलब है कि कार्यपालक पदाधिकारी दीपक सहाय ने दो दिन पूर्व इन लंबित आवासों के निर्माण कार्य पूर्ण कराने हेतु स्थलीय निरीक्षण किया था, उन्हीं आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण होने पर आज जिओ टैग कराया गया. जिओ

## मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के तहत 27 को मिला रोजगार

जमशेदपुर : मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के तहत आज जॉब कार्ड निर्गत लाभुकों को मांग के आधार पर झारखंड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा ऑनबोर्ड किए गए योजना पि आई यू अंतर्गत 500 बेड वाले मेडिकल कॉलेज अस्पताल का निर्माण कार्य में



अभियंता, कंपनी के प्रोजेक्ट इंजीनियर एवं नगर मिशन प्रबंधक निर्मल कुमार, सामुदायिक संगठनकर्ता मनोज खाखा, ललिता लांगुरि, नंदी पूर्ति, सीआरपी पुष्पा टोप्पो, होली कालुंदिया, रोमानी हांसदा, मनोरमा, शीला देवी, तनुश्री, रूबी देवी, लक्ष्मी कालिंदी, मुमताज ,गायत्री देवी आदि उपस्थित थी.

## अधूरे पीएम आवास का निर्माण दो दिनों में पूरा करें लाभुक

जमशेदपुर, 11 दिसंबर (रिपोर्टर) : मानगो नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी दीपक सहाय ने वित्तीय वर्ष 2016-17 एवं 2017-18 में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत किए गए आवास जिनका निर्माण कार्य अब तक पूर्ण नहीं हुआ है उन सभी आवासों का जांच की. निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि लाभुकों द्वारा अब तक आवास निर्माण पूर्ण नहीं किया गया है. इस सम्बंध में संबंधित सभी लाभुकों को 2 दिनों के अंदर आवास निर्माण कार्य पूर्ण



स्वीकृत पीएम आवास का निरीक्षण करते दीपक स

कार्यालय कर्मियों द्वारा ससमय आवास पूर्ण नहीं करने पर उन लाभुकों को दी गई राशि की वसूली एवं उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज ... नोटिस उन ... इस अवसर ... नोडल दिने ... कर्मी सुजीत

## पीएम शहरी आवास योजना को लेकर लगाया कैंप

**दुमका.** उपराजधानी दुमका के दुधानी में सिनेमा हॉल के पीछे बेघरों के लिए बन रहे प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत

मानगो नगर निगम कार्यालय में हुई बैठक, दिया गया आदेश

## अतिक्रमण के खिलाफ चलेगा अभियान

## बिना अनुमति लगाये गये होर्डिंग हटेंगे



अतिक्रमण की जांच के बाद होगी कार्रवाई, बनायी जायेगी टीम

**आयोजन.** नगर भवन में नगर निगम ने लगाया आवास मेला

## प्रधानमंत्री आवास के लिए 17 निबंधन



विकास को लेकर सामूहिक पहल जरूरी : डॉ सरफराज

करहरबारी में स्थल चयन गलत : सुदिव्य

केंद्र का लक्ष्य हर गरीब को पक्का मकान : प्रकाश

PUBLIC NOTICE ISSUED

**हेमंत सरकार की पहली वर्षगांठ.** मोरहाबादी मैदान में हुआ राज्यस्तरीय समारोह

## झारखंड को बनायेंगे आत्मनिर्भर : हेमंत

15 दिन में बनेंगे जाति, आय, जन्म, मृत्यु और आवासीय प्रमाण पत्र, विलंब करनेवालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

मनरेगा मजदूरी बढ़ा कर 225 रुपये और अगले वर्ष के अंत तक 300 रुपये करने की तैयारी कर रही सरकार



योजनाओं और नीतियों की सौगात

इन प्रमुख योजनाओं का हुआ शिलान्यास

**नगरीय प्रशासन निदेशालय,**
**नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार**

**3rd Floor, FFP Building, Dhurwa, Ranchi-834004, Jharkhand**

Toll free No.: 1800-120-2929 | Website: dmajharkhand.in | Follow us: @JharkhandDMA